शीर्ष प्राथमिकता

संख्या-20/2018/215/52-1-2018-39(एम0एस0डी0पी0)/17

प्रेषक,

हरी राम,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
अल्पसंख्यक कल्याण, उत्तर प्रदेश,
इन्दिरा भवन, लखनऊ।

अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग-1 लखनऊ, दिनांक 17 जनवरी, 2018

विषय- अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार, की दिनांक 27.07.2017 को हुई इम्पावर्ड कमेटी की 131वीं बैठक में मल्टीसेक्टोरल डेवलपमेण्ट प्रोग्राम के अन्तर्गत जनपद रामपुर, सहारनपुर, सिद्धार्थनगर, मुजफ्फरनगर, हापुड., बुलन्दशहर, मुरादाबाद, बदायूं एवं मेरठ में निर्मित 24 राजकीय इण्टर/रा0 बालिका इण्टर कालेज में फर्नीचर एवं उपकरण की व्यवस्था हेतु केन्द्रांश की प्रथम किश्त एवं उसके सापेक्ष बनने वाले राज्यांश की धनराशि अवमुक्त करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अवर सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या-एम0एस0डी0पी0-13/255/2017-एम0एस0डी0पी0-एम0ओ0एम0ए0, दिनांक 01.09.2017 द्वारा विषयगत जनपदों में निर्मित 24 राजकीय इण्टर/रा0 बालिका इण्टर कालेज में फर्नीचर एवं उपकरण की व्यवस्था के लिए कुल अनुमोदित लागत रू0 655.20 लाख से प्रश्नगत कार्य को करने हेतु कुल अनुमोदित केन्द्रांश रू0 393.12 लाख के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में प्राप्त केन्द्रांश रू0 196.56 लाख (रूपये एक करोड. छियानबे लाख छप्पन हजार मात्र) तथा उसके सापेक्ष बनने वाले राज्यांश रू0 131.04 लाख (रूपये एक करोड. इकत्तीस लाख चार हजार मात्र) अर्थात कुल रू0 327.60 लाख (रूपये तीन करोड सत्ताईस लाख साठ हजार मात्र) योजना के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 में प्राविधानित बजट रू0 5000.00 लाख में से अवमुक्त कर आपके निवर्तन पर रखने व व्यय करने की राज्यपाल महोदय स्वीकृति प्रदान करते हैं।

(केन्द्रांश-60, राज्यांश-40) **(रू0 लाख में)**

क्र0	जनपद	योजना	इकाई	इकाई लागत	कुल अनुमोदित केन्द्रांश	कुल राज्यांश	कुल लागत	अवमुक्ति हेतु प्रस्तावित प्रथम किश्त		कुल प्रस्तावित धनराशि (के0+रा0)
								केन्द्रांश	राज्यांश	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	उपरोक्त जनपदों	रा0 इण्टर कालेज/ रा0 बालिका इण्टर कालेज में फर्नीचर/ उपकरण	24	27.30	393.12	262.08	655.20	196.56	131.04	327.60
		योग	24		393.12	262.08	655.20	196.56	131.04	327.60

Shasanadesh.up.nic.in

क्र0	जनपद	परियोजना	इम्पावर्ड कमेटी	निर्गत द्वितीय किश्त का शासनादेश
1	रामपुर	रा0 इण्टर कालेज, रेवडीकला	32वीं इम्पावर्ड कमेटी	सं0-3819/52-1-2013-6(एम0एस0डी0पी0) /11, दि0 29.08.2013
2	सहारनपुर	रा0 इण्टर कालेज, कपूरी	31वीं इम्पावर्ड कमेटी	सं0-1826/52-1-2014-3(6)/10, दिनांक 27.06.2014
3	सहारनपुर	रा0 इण्टर कालेज, तय्यबपुर टप्पालालू	31वीं इम्पावर्ड कमेटी	सं0-1826/52-1-2014-3(6)/10, दिनांक 27.06.2014
4	सहारनपुर	रा0 इण्टर कालेज, कमेला रोड	31वीं इम्पावर्ड कमेटी	सं0-1826/52-1-2014-3(6)/10, दिनांक 27.06.2014
5	सिद्धार्थनगर	तह0-इटवा, वि0ख0-इटवा में रा0 इण्टर कालेज	59वीं इम्पावर्ड कमेटी	सं0-1566/52-1-2016-14(एम0एस0डी0पी0) /13, दिनांक 27.05.2016
6	शामली	रा0इण्टर कालेज वि0ख0-उमरपुर के ग्राम-करेतू में	59वीं इम्पावर्ड कमेटी	सं0-2245/52-1-2016-22(एम0एस0डी0पी0) /13, दिनांक 17.08.2016
7	मुजफ्फरनगर	रा0 इण्टर कालेज, शफीपुर	59वीं इम्पावर्ड कमेटी	सं0-2443/52-1-2015-16(एम0एस0डी0पी0)/ 13, दिनांक 05.11.2015
8	मुजफ्फरनगर	रा0 इण्टर कालेज, गढी शेखावत	59वीं इम्पावर्ड कमेटी	सं0-2443/52-1-2015-16(एम0एस0डी0पी0)/ 13, दिनांक 05.11.2015
9	मुजफ्फरनगर	रा0 इण्टर कालेज, कमहेडा	59वीं इम्पावर्ड कमेटी	सं0-2443/52-1-2015-16(एम0एस0डी0पी0)/ 13, दिनांक 05.11.2015
10	मुजफ्फरनगर	रा0 इण्टर कालेज, ब्लाक-मोरना के ग्राम जौली में	75वीं इम्पावर्ड कमेटी	सं0-1964/52-1-2016-1(128)/13टी0सी0, दिनांक 14.07.2016
11	मुजफ्फरनगर	रा0 इण्टर कालेज ब्लाक-पुरकाजी ग्राम पुरकाजी देहात	75वीं इम्पावर्ड कमेटी	सं0-1964/52-1-2016-1(128)/13टी0सी0, दिनांक 14.07.2016
12	मुजफ्फरनगर	रा0इण्टर कालेज ब्लाक बघारा के ग्राम बुधयानाखुर्द में	75वीं इम्पावर्ड कमेटी	सं0-1964/52-1-2016-1(128)/13टी0सी0, दिनांक 14.07.2016
13	मुजफ्फरनगर	रा0 इण्टर कालेज ब्लाक बुढ़ाना के ग्राम बिरल में	75वीं इम्पावर्ड कमेटी	सं0-1964/52-1-2016-1(128)/13टी0सी0, दिनांक 14.07.2016
14	मुजफ्फरनगर	रा0 इण्टर कालेज ब्लाक-जानसठ के ग्राम मेहालकी	75वीं इम्पावर्ड कमेटी	सं0-1964/52-1-2016-1(128)/13टी0सी0, दिनांक 14.07.2016
15	मुजफ्फरनगर	रा0 इण्टर कालेज ब्लाक-चरथावल के ग्राम मथुरा में	75वीं इम्पावर्ड कमेटी	सं0-1964/52-1-2016-1(128)/13टी0सी0, दिनांक 14.07.2016
16	हापुड	वि0ख0-गढमुक्तेश्वर के ग्राम शेरपुर में रा0 इण्टर कालेज	75वीं इम्पावर्ड कमेटी	सं0-3052/52-1-2016-1(127)/13, दिनांक 30.12.2016
17	बुलन्दशहर	ब्लाक-बुलन्दशहर के ग्राम खेतलपुर भैसरौली में रा0 इण्टर कालेज	75वीं इम्पावर्ड कमेटी	सं0-4061/52-1-2016-1(121)/13, दिनांक 30.12.2016
18	मुरादाबाद	ब्लाक-छजलैट के ग्राम सामपुर में रा0 इण्टर कालेज	59वीं इम्पावर्ड कमेटी	सं0-1813/52-1-2016-12(एम0एस0डी0पी0)/ 13, दिनांक 22.06.2016
19	मुरादाबाद	ब्लाक-बिलारी के थावला में रा0 इण्टर कालेज	69वीं इम्पावर्ड कमेटी	सं0-2254/52-1-2016-1(120)/13, दिनांक 19.08.2016
20	बदायूं	रा0 बालिका इण्टर कालेज ब्लाक-देहगवां के नसीरपुर टप्पा मलसई ग्राम में	70वीं इम्पावर्ड कमेटी	सं0-2808/52-1-2015-13(एम0एस0डी0पी0)/ 13, दिनांक 20.01.2016

Shasanadesh.up.nic.in

21	रामपुर	ब्लाक-चमरौआ के ग्राम शैजनी नानकर जेलरोड रामपुर में रा0 इण्टर कालेज	75वीं इम्पावर्ड कमेटी	सं0-2103/52-1-2016-1(129)/13, दिनांक 10.08.2016
22	रामपुर	ब्लाक- सैदनगर के ग्राम काशीपुर में रा0 इण्टर कालेज का निर्माण	75वीं इम्पावर्ड कमेटी	सं0-2706/52-1-2016-1(129)/13, दिनांक 15.11.2016
23	मेरठ	रा0 इण्टर कालेज के ललियाना में वि0ख0-परीक्षितगढ	69वीं इम्पावर्ड कमेटी	सं0-2239/52-1-2016-1(135)/13, दिनांक 22.08.2016
24	मेरठ	रा0 इण्टर कालेज विकास खण्ड-खरखौंदा जसौरा	69वीं इम्पावर्ड कमेटी	सं0-2239/52-1-2016-1(135)/13, दिनांक 22.08.2016

2- अवमुक्त धनराशि का उपभोग निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन किया जायेगा:-

1- अवमुक्त धनराशि को किसी अन्य मद में व्यय नहीं किया जायेगा। इसे सक्षम स्तर की स्वीकृति, यदि वित्तीय हस्त पुस्तिका तथा बजट मैनुअल नियमों के अन्तर्गत शासन या अन्य अधिकारी की पूर्व स्वीकृति आवश्यक हो, प्राप्त करके ही व्यय किया जायेगा। धनराशि के व्यय में वित्तीय नियमों का पालन किया जायेगा तथा केन्द्र सरकार द्वारा इस वित्त पोषित योजना के सम्बन्ध में लगाई गयी शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- अवमुक्त धनराशि निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा सम्बन्धित को हस्तान्तरित की जायेगी। कार्य को अनुमोदित धनराशि से निश्चित माह में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जायेगा। यदि इस मद में कोई वृद्धि होती है तो अतिरिक्त धनराशि नहीं दी जायेगी। निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 एवं कार्यदायी संस्था के निदेशक तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग के मध्य किये गये त्रिपक्षीय एम0ओ0यू0 (मेमोरेण्डम आफ अण्डर टेकिंग) की शर्तों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जायेगा।

3- योजना की गाइड लाइन्स तथा शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों एवं सुसंगत शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए धनराशि का आहरण कार्य की वास्तविक आवश्यकतानुसार होगा। निर्माण कार्य में पायी गयी किसी तरह की अनियमितता के लिए कार्यदायी संस्था, उससे सम्बन्धित अधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उत्तरदायी होंगे।

4- निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि स्वीकृत किये जा रहे कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि प्राप्त नहीं की गयी है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित है।

5- यथावश्यक उत्तर प्रदेश भण्डार क्रय नियमावली के प्राविधानों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाय। यदि कार्यदायी संस्था द्वारा शासकीय धन पर ब्याज अर्जित किया गया है तो उसे निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ राजकोष में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

UniCode Gov. Inter College. G.O

Shasnadesh.up.nic.in

6- निर्माण कार्यों के सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित शिड्यूल रेट एवं विशिष्टियों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाय। प्रश्नगत राजकीय इण्टर कालेज/बालिका इण्टर कालेजों में फर्नीचर/उपकरण की डिजाइन वही होगी जो केन्द्र/राज्य सरकार के माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित है।

7- कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण स्थल पर एक बोर्ड तैयार किया जायेगा, जिस पर योजना के स्वीकृत होने की तिथि, पूर्ण होने की तिथि, लागत, वित्त पोषण के स्रोत तथा लक्ष्य प्राप्त करने की तिथि आदि का अंकन किया जायेगा।

8- अवमुक्त धनराशि के उपभोग में मितव्ययितापूर्ण दृष्टिकोण अपनाते हुए वित्त विभाग के सुसंगत शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

9- अनुदान ग्राही द्वारा योजनान्तर्गत अवमुक्त की जा रही धनराशि का एक पृथक् खाता मेन्टेन किया जायेगा। अवमुक्त धनराशि पर यदि कार्यदायी संस्था द्वारा ब्याज अर्जित किया गया है तो उसकी वसूली निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा करके उसे राजकोष में जमा कराया जायेगा।

10- अवमुक्त धनराशि के व्यय के उपरान्त जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी से हस्तान्तरित उपभोग प्रमाण-पत्र, त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट तथा निर्माण कार्य के फोटोग्राफ्स की सूची की दो-दो प्रतियां निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 को उपलब्ध करायी जायेंगी। तदोपरान्त निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित उपभोग प्रमाण-पत्र व उक्त अन्य अभिलेख शासन को उपलब्ध कराये जायेंगे।

11- वांछित धनराशि आहरित कर पी0एल0ए0 में नहीं रखी जायेगी।

12- वित्त विभाग के शासनादेश दिनांक 03.08.2017 एवं दिनांक 26.08.2014 के प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

13- लेबर सेस की धनराशि नियमानुसार श्रम विभाग को भुगतान किया जायेगा।

14- उपरोक्त कार्य के सम्बन्ध में अवमुक्त धनराशि से कराये गये कार्यों की गुणवत्ता पुष्टि जिलाधिकारी/जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा कर लिया जायेगा तथा शासनादेश में निहित व्यवस्था के अनुसार थर्ड पार्टी का निरीक्षण भी सुनिश्चित कराया जाना जिलाधिकारी, कार्यदायी संस्था एवं सम्बन्धित विभाग का संयुक्त दायित्व होगा। यदि गुणवत्ता में किसी प्रकार की शिकायत आती है तो उसे शासन तथा निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण को सूचित किया जायेगा।

3- उक्त के फलस्वरूप होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-48 के लेखा शीर्षक-4235-सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण पर पूंजीगत परिव्यय-02-समाज कल्याण-800-अन्य व्यय-01-केन्द्र प्रायोजित योजनायें-0109-अल्पसंख्यक बाहुल्य जनपदों में मल्टीसेक्टोरल डिस्ट्रिक्ट प्लान के अन्तर्गत राजकीय हाई स्कूल एवं इण्टर कालेजों का भवन निर्माण/अतिरिक्त कक्षा-कक्षों/जर्जर भवनों का निर्माण(के0 60/रा0 40-के0+रा0)-24-वृहद निर्माण कार्य के नामें डाला जायेगा।

4- वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-8/2017/बी0-1-1190/दस-2017-231/2017, दिनांक 03.08.2017 के प्रस्तर-2(12)/(छ) के क्रम में भविष्य में कोई भी पुनरीक्षित आंगणन अनुमन्य नहीं होगा।

UniCode Gov. Inter College. G.O

Shasanadesh.up.nic.in

5- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-11-94/दस-2018, दिनांक 17.01.2018 में प्राप्त सहमति से जारी किया जा रहा है।

भवदीय,

(हरी राम)
उप सचिव।

संख्या- (1)/बावन-1-2018-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

1- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

2- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम एवं द्वितीय उ0प्र0, इलाहाबाद।

3- बजट अधिकारी, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।

4- अवर सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार 11वां तल, पर्यावरण भवन, सी0जी0ओ0 काम्पलेक्स लोधी रोड, नई दिल्ली।

5- प्रमुख सचिव, माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को विषयांकित जनपदों में निर्मित 24 राजकीय इण्टर/रा0 बालिका इण्टर कालेज में फर्नीचर एवं उपकरण की व्यवस्था में निर्धारित मानकों का अनुपालन करने एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में अपने स्तर से भी यथावश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

6- निजी सचिव, मा0मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण एवं हज को मा0मंत्री जी के अवलोकनार्थ।

7- निजी सचिव, प्रमुख सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग को प्रमुख सचिव महोदया के अवलोकनार्थ।

8- निदेशक, माध्यमिक शिक्षा विभाग, लखनऊ।

9- निदेशक/प्रबन्ध निदेशक, ... को इस आशय से प्रेषित कि विषयांकित जनपदों में निर्मित 24 राजकीय इण्टर / रा0 बालिका इण्टर कालेज में फर्नीचर एवं उपकरण की व्यवस्था में निर्माण का समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

10- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।

11- सम्बन्धित जिलाधिकारी/जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी।

12- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 को तीन स्वच्छ प्रति तथा वित्त-ई-11 को 01 प्रति।

13- लेखाधिकारी/वेब अधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त स्वीकृति अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

14- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(हरी राम)
उप सचिव।

Shasanadesh.up.nic.in